# इन्वेस्ट यूपी की बैठक में उद्योग संगठनों ने जीएसटी 2.0 सुधारों के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया

## ***निवेश प्रक्रिया को सरल बनाने वाला मित्र 3.0 पोर्टल जल्द होगा शुरू, इन्वेस्ट यूपी ने उद्योग संगठनों से मांगे सुझाव***

लखनऊ, 9 अक्टूबर 2025 — उत्तर प्रदेश की निवेश प्रोत्साहन एजेंसी **इन्वेस्ट यूपी** ने आज प्रमुख उद्योग संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ एक उच्च-स्तरीय परामर्श बैठक आयोजित की। इस महत्वपूर्ण संवाद में **सीआईआई (CII), पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स (PHDCCI), एसोचैम (ASSOCHAM), भारतीय उद्योग संघ (IIA), लघु उद्योग भारती, इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स (IACC)** और **क्रेडाई (CREDAI)** सहित कई अन्य प्रमुख संस्थाओं ने भाग लिया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य **जीएसटी 2.0 सुधारों**, राज्य सरकार की औद्योगिक नीतियों और निवेश प्रोत्साहन पहलों पर उद्योग जगत से **सुझाव** प्राप्त करना था।

बैठक में प्रमुख रूप से चर्चा का विषय रहा 22 सितंबर 2025 से प्रभावी हुए जीएसटी 2.0 सुधार व सरलीकरण, जिन्हें उद्योग संगठनों ने सराहा। **सीआईआई, पीएचडीसीसीआई, आईआईए और लघु उद्योग भारती** के प्रतिनिधियों ने इस **जीएसटी 2.0** सुधारात्मक कर व्यवस्था का स्वागत करते हुए **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी** और **माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ** के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि **जीएसटी दरों में सरलीकरण और स्लैब में कमी** से आम नागरिकों और व्यवसायों दोनों को लाभ होने के साथ आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी।

बैठक में उन्नत **निवेश मित्र 3.0 पोर्टल** की झलक भी साझा की गई जो निवेश प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी तथा सरल बनाएगा। इसके माध्यम से **दस्तावेज़ों की संख्या में 50% की कमी**, **अनुमोदन समय में 30% की कमी**, और **शिकायत निवारण तंत्र को अधिक प्रभावी** बनाया जाएगा। इसे और परिष्कृत करने के लिए संगठनो से सुझाव भी आमंत्रित किए गए।

बैठक में **33 से अधिक क्षेत्र-विशिष्ट नीतियों** पर विचार-विमर्श हुआ, जिनमें विशेष रूप से **एफडीआई, उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022** और **जीसीसी नीति 2024** पर चर्चा केंद्रित रही। उद्योग प्रतिनिधियों ने **भूमि आवंटन प्रक्रिया**, **मंडी टैक्स**, निवेश प्रोत्साहन और **एमएसएमई संबंधी प्रोत्साहन योजनाओं में अधिक भागीदारी** जैसे विषयों पर व्यावहारिक सुझाव साझा किए।

**इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी** ने आश्वासन दिया कि प्राप्त सभी महत्वपूर्ण सुझावों और प्रतिवेदनों को संबंधित विभागों तक पहुंचाया जाएगा और उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। एजेंसी ने दोहराया कि वह राज्य में निवेश अनुकूल माहौल, सरलीकृत प्रक्रियाओं और सुदृढ़ औद्योगिक अवस्थापना के माध्यम से सतत औद्योगिक विकास को गति देने के लिए प्रतिबद्ध है।

बैठक में **इन्वेस्ट यूपी** के सीईओ, **ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस** (व्यापार सुगमता), निवेश प्रोत्साहन और पॉलिसी टीम के अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही, कई उद्योग संगठन **वर्चुअल माध्यम** से जुड़े, जो राज्य सरकार के **सक्रिय हितधारक संवाद** और नीतिगत सुधारों के प्रति **प्रतिबद्धता** को दर्शाता है।

-----------------------------------------